पत्रिका

Duplicate Product : कोटा में 4 लाख रुपए के नकली पाइप जब्त, ब्रांडेड स्टीकर लगा आधी रेट में बेच रहे थे

Duplicate Product : ब्रांडेड कंपनी के पीवीसी पाइप के स्थान पर कंपनी के स्टीकर लगाकर नकली पाइपों की बिक्री करने वाले दो प्रतिष्ठानों पर मंगलवार दोपहर को गुमानपुरा पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों प्रतिष्ठानों से 4 लाख रुपए के नकली पाइप जब्त किए हैं।

कंपनी के प्रतिनिधियों की शिकायत पर की कार्रवाई

गुमानपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि PVC Pipe बनाने वाली प्रिंस कंपनी के प्रतिनिधियों की शिकायत पर कोटा में दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। एक मीनार मस्जिद के पास छावनी स्थित रईस खान की रानी हार्डवेयर पर 120 नकली पाइप बरामद किए। दूसरी कार्रवाई शॉपिंग सेंटर गुमानपुरा स्थित सैफुद्दीन की मूसा भाई गैलेक्सी हार्डवेयर से 190 नकली पाइप जब्त किए।

दोनों जगह 4 लाख के नकली पाइप बरामद

दोनों जगह लगभग 4 लाख के नकली पाइप बरामद किए गए। थानाधिकारी ने बताया कि कंपनी के एक पाइप की कीमत लगभग 250 रुपए है, जबकि यह इसके आधा दाम में नकली पाइप की बिक्री कर रहे थे।

Source: https://www.patrika.com/kota-news/duplicate-product-non-branded-duplicate-pvc-pipe-seized-in-kota-8674426